## एक नजर में

### यूथ हॉस्टल्स उज्जैन का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ




**उज्जैन।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया उज्जैन यूनिट का पारिवारिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन गंभीर डेम पर किया गया। जिसमें लगभग डेढ़ सौ सदस्यों ने भाग लिया। मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की स्नेह सम्मेलन में आगामी ट्रेकिंग, केम्प एवं पर्यटन पर चर्चा कर योजना बनाई गयी। कार्यक्रम में राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के दुर्गम स्थानों पर सफलता पूर्वक ट्रेकिंग करके आये सदस्यों का स्वागत कर संस्था का मोमेंटो भेट किया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्नेह सम्मेलन मे संस्था के पदाधिकारी दिलीप चौहान, निर्दोष निर्भय, अशोक वर्मा, गोपाल महाकाल, मिलन गुप्ता, जयंत तेलंग, अनिता तोमर, अनुपमा झा, अनिता गौड, शशिकांत वीरकर, राजेश योहान, हितेश अखंड, अनिल हजेला, प्रदीप जोग इत्यादी उपस्थित थे।

### एसआईआर को लेकर समन्वय बैठक में तैयार की रूप रेखा

**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसर निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया एसआईआर के संबंध ओर आगे किया रूप रेखा होगी के बारे में दौलतगंज ब्लॉक अध्यक्ष रहीम लाला द्वारा समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उपस्थित सदास्यों ने अपने सुझाव रखें। बैठक के पश्चात संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज़ाहिद नूर, पूर्व पार्षद सुरेश गहलोत, सलीम भाई गैस वाले, वरुण शर्मा, एड. मकसूद अली, प्रतीक जैन, मेहताब लाला, अनवर नागौरी, वीरभद्र वर्मा, अशफान उल्ला खान, ओम रामी, माजिद लाला, संचित शर्मा, उपाध्याय, राजेश बाथली, हातिम भाई हर हर, सांकेत रामी, शेख कबीर, मोहम्मद असलम, समीर मिर्ज़ा, मोहम्मद अलीम शेख जावेद राजा नागौरी वसीम बंटी आदि मौजूद थे।

### स्नेह सम्मेलन में हुआ नई कार्यकारिणी का गठन



**उज्जैन।** महाकाल सिंधी कॉलोनी स्थित समाज भवन में महाराष्ट्रीयन सारस्वत समाज न्यास वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वर्ष 2025 में दिवंगत हुए सदस्यों स्व. सुभाष पेड़णेकर, स्व. कमळाकर कवठेकर, स्व. दिलीप केकरे, स्व. सुधीर केकरे तथा स्व. आरती अमोल अरोनदेकर को समाजजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात समाज के कोषाध्यक्ष सुधीर वेंगुरलेकर ने वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया। साथ ही वर्ष 2026 से 2028 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। वर्ष 2026 से वर्ष 2028 तक कार्यकारिणी में कीर्ति भांड अध्यक्ष, रेणुका उपाध्यक्ष, कीर्ति लाड सचिव, अतुल रेगे कोषाध्यक्ष बनाए गए। इनके अलावा योगिता कवठेकर, प्रकाश लाड, सचिन, धर्मेश कवठेकर, शुभांगी शिराळकर, अनिल वर्दे, विनोद, सुचित्रा अरोनदेकर को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर कार्यकारणी के ट्रस्टी सदस्य, कार्यकारणी सदस्य भूषण केकरे, राम वेंगुर्लेकर, पद्माकर कवठेकर, मिलिंद वागले, सारे समाज सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन कीर्ति भांड ने किया। यह जानकारी ट्रस्टी उपाध्यक्ष मिलिंद पनहालकर ने दी।

### 2121 दीपोत्सव के साथ समग्र हिन्दू समाज ने की संत रविदास जी की समरस्ता महाआरती

**उज्जैन।** सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद मध्यप्रदेश एवं श्री गुरू रविदास विश्वमहापिठ मध्यप्रदेश द्वारा मॉ क्षिप्रा तट संत रविदास घाट पर 2121 दीपोत्सव के साथ समरस्ता महाआरती की गई। श्री गुरू रविदास विश्वमहापिठ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने ने बताया की मुख्य अतिथी महामण्डलेश्वर शान्ती स्वरूपांद महाराज, मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार गुप्त, महंत मनोरमा भारती, महंत स्वामी अमर गीरी, महंत ज्ञानेश्वरी पूरी, महंत राजीव लोचन, महंत स्वामीश्री अमर गीरी महंत सेवागिरी, थानापती देवनीगिरी महाराज, संत सदाजप महाराज, संत ओरदास त्यागी महाराज, संत रामदास त्यागी महाराज, महंत महावीर नाथ महाराज, महंत रामेश्वरानंद महाराज, अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी परमानन्द महाराज, मालवा प्रात सह कारवाह आदरणीय रघुवीर सिंह सिसोदिया, सत्यनारायण जटिया, महापौर मुकेश टटवाल, ओमप्रकाश मोहने, प्रवीण कुमार गुप्त श्री धर्मेंद्र सिंह मोर्य, सामाजिक समरस्ता प्रांत संयोजक मुकेश दिशावल धर्मेंद्र परिहार सेखर दिशावल राकेश गेहलोत मनीश गोयल सेखर श्रीवास्तव, राकेश खांडेकर, सुरेश कसुमरिया, अंकित मोहने के साथ सर्व हिन्दू समाज के प्रमुखों के साथ हजारों गुरु प्रेमियों ने समरस्ता महाआरती में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### बच्चे देश का उज्वल भविष्य, सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें : मुकेश धानक

**उज्जैन।** बच्चे देश का उज्वल भविष्य हैं। सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, नए-नए इतिहास गढ़ें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और देश का नाम रोशन करें। यह बात ग्राम पंचायत कुंडला भाखेड़ा के सरपंच, किसान नेता एवं अखिल भारतीय गुजराती बलाई युवा संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश धानक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। मुकेश धानक का जन्मदिन विद्यालय अक्षदा अकादमी, पिपल्या मोलू में विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक नागेश्वर धानक एवं संजय धानक विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही स्टाफ सदस्य दीपिका बेस, मुस्कान मंसूरी, शिवराज राज सिंह, शिवना पाटीदार, दीक्षिता सिसोदिया एवं तस्लीम मंसूरी मैडम सहित समस्त स्टाफ ने सरपंच मुकेश धानक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

## कॉलेज की छात्राओं द्वारा टॉक शो में डिप्टी कलेक्टर ने समझाई उज्ज्वल भविष्य की राह




**उज्जैन। सफलता के समय भीड़ हमारे साथ होती है, किंतु संघर्ष के क्षणों में प्राय: हम अकेले होते हैं और अकेले ही उससे जूझना पड़ता है। जीवन के यही उतार-चढ़ाव अर्थात अप्स एंड डाउंस हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। यदि जीवन एक सीधी रेखा बन जाए तो वह जीवन समाप्ति का प्रतीक है, इसलिए संघर्ष से डरिए नहीं, उससे जूझना सीखिए—लक्ष्य अवश्य मिलेगा।**

यह विचार उज्जैन की डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव ने वार्षिक उत्सव के दौरान भारतीय कॉलेज की छात्राओं द्वारा आयोजित टॉक शो में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए व्यक्त किए।

टॉक शो के दौरान छात्राओं ने पूछा कि युवा मन भटकाव की दिशा में न जाए, इसके लिए क्या किया जाए। इस पर श्रीमती यादव ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित करें, मन को एकाग्र रखें और संयम के साथ निरंतर अभ्यास करें। जब छात्राओं ने कहा कि आत्मविश्वास कैसे लाया जा सकता है, तो श्रीमती यादव ने बताया कि विद्यार्थी जीवन आत्मविश्वास विकसित करने का सबसे बड़ा मंच होता है। कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी से जो आत्मविश्वास पैदा होता है, वही जीवन भर साथ देता है।

टॉक शो के दौरान छात्राओं कु. दिव्यांशी मेहता, कु. खुशी भाटी, कु. अक्षिता पोरवाल, कु. अमीषा काला एवं कु. कुमकुम चौहान ने डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। स्वागत उद्बोधन एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या ने दिया। प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक ने कॉलेज की वर्ष भर की उपलब्धियां बताई । संस्था डायरेक्टर अमृता कुलश्रेष्ठ ने संबोधित करते हुए छात्राओं को संदेश प्रदान किया। भारतीय कॉलेज, बीआईपीएस एवं बीईएफटी द्वारा आयोजित इस वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव का संस्थान की ओर से शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।



### केरियर मेला एवं 12वीं का विदाई समारोह संपन्न

**महिदपुर।** शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में पांच दिवसीय केरियर मार्गदर्शन मेले का समापन एवं कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मान प्राचार्य किशोर परमार के द्वारा किया। वर्ष भर संचालित शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही पांच दिवसीय केरियर मार्गदर्शन मेले के अंतिम दिवस में केरियर काउंसलर के रूप में शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के प्राध्यापक डॉ. जाकिरउद्दीन अहिंगर एवं एसबीआई के शाखा प्रबंधक दिनेश दांगी ने छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग तथा बैंकिंग जैसे विषयों के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. अहिंगर के द्वारा गत वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि 1000/ प्रति छात्र प्रदान की गई एवं उनके द्वारा घोषणा की गई कि प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को इसी प्रकार पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में आभार वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार दुबे ने माना एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश कमलकर द्वारा किया गया।

### 100, निराश्रित बुजुर्गों को 10-10 किलो गेहूं वितरण किए

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति के तत्वाधान में उज्जैन नगर के 100, निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह प्रति बुजुर्ग को 10 किलो गेहूं वितरण किए जाते हैं। इस श्रृंखला में 1 फरवरी को फरवरी माह का गेहूं वितरण कार्यक्रम मंच कार्यालय श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास किया गया। समाजसेवी अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांगीलाल कडेल, राजेंद्र गिल, रवि भंडारी, आरपी सिंह, नरेंद्र राठी, सुधीर गुप्ता के थे। संचालन मंच संयोजक विट्ठल नागर ने किया। अतिथियों का स्वागत मनोहर परमार, महेश सोनोने, फूलचंद जड़िया, विजय तिवारी, पारस कुमार जैन, ओम आरोड़, धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, अशोक कपूर, मूलचंद राठौर, अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, नरेंद्र डोडिया आदि मौजूद रहे। गेहूं वितरण में सहयोग 5100 रुपये राजेंद्र काले, 1000 कल्पना कातरे ने दिये।




### पांच दिवसीय करियर मेले का समापन

**माकड़ोन।** पीएम श्री रविंद्र उमावि माकड़ोन में 27 जनवरी से कक्षा 9 से 12 के छात्रों को करियर की विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु पांच दिवसीय करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस करियर मेले की शुरुआत 27 जनवरी को विद्यालय के प्राचार्य मनोहर नागर द्वारा करियर मेले के उद्देश्य एवं महत्व पर जानकारी प्रदान करते हुए की गई।

प्रथम दिवस विद्यालय की शिक्षिका विनीत मान एवं विक्रम भदौरिया द्वारा करियर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। 10वीं के बाद विशेष चयन एवं12वीं के बाद फील्ड चयन की जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना के डॉक्टर हंसराज राजमणि द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में नीट के माध्यम से चयन प्रक्रिया एम्स के साथ विभिन्न प्रकार के पैरामेडिकल कोर्स कैसे किए जाते तथा इनमें चयन प्रक्रिया के बारे में बताएं द्वितीय दिवस 28 जनवरी को विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक हेमंत राठौड़ एवं अभिषेक भार्गव द्वारा कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक आईटीआई इनमें करियर कैसे बनाया जाए पर चर्चा की गई। तृतीय दिवस पर अतिथि नमन शाश्वत कीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन द्वारा यूपीएससी एवं पीएससी के माध्यम से शासकीय सेवाओं में चयन प्रक्रिया एवं इनमें करियर के विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## निशुल्क नीलम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ




**उज्जैन। क्षीरसागर स्टेडियम में संस्था लक्ष्य उज्जैन द्वारा आयोजित निशुल्क नीलम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के शुभारंभ अवसर पर स्वर्गीय सुल्तान लाला, अमानुल्लाह खान, प्रेम कुमार यादव, डॉ,, बम शंकर जोशी, गफ्फार पुंजवानी के परिवार एवं मित्रों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।**

आयोजन समिति अध्यक्ष इरशाद कुरैशी एवं उपाध्यक्ष इरफान राइन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर ओमप्रकाश जोशी, रमेश सक्सेना, युसूफ मंसूरी, ब्लैक बेल्ट कबीर अब्बास, पूर्व पार्षद अ. रहीम लाला, असफ़ानउल्ला खान, पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अर्पित यादव, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव भरतशंकर जोशी, बार काउंसिल के सचिव प्रकाश चौबे, एडवोकेट जावेद डिप्टी, वरुण शर्मा, समीर उल हक, टाइगर अकादमी के डायरेक्टर सैयद जमीर अब्बास, हाफिज कुरैशी, बंटी फेज मोहम्मद, नईम भाई उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में कहा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए संस्था लक्ष्य का यह प्रयास निशुल्क क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय है। मैन ऑफ़ द मैच अवार्ड सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल की ओर से मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फैजान खान को प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था लक्ष्य, उज्जैन के सदस्यों ने युवा नेता आरिफ अली का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया कार्यक्रम का संचालन आसिफ खान ने किया। मैच की कमेंट्री इकबाल उस्मानी ने की। आभार संस्था लक्ष्य के अध्यक्ष असलम अहमद शाह लाला ने माना। उपरोक्त जानकारी आपका प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं सैयद आशिक अली ने दी।



### लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में प्रतियोगिता आयोजित

**माकड़ोन।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लोकतान्त्रिक व्यवस्था में मतदान का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम स्थान तनु पिता चैन सिंह चौहान बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पूनम पिता दिनेश प्रजापति बीएससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रिया पिता कैलाश चंद्र बीकॉम प्रथम वर्ष व पिंकी पिता तंवर सिंह बीए तृतीय वर्ष रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित एवं प्राध्यापकों द्वारा सभी विजेताओं को बधाइयां एवं एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मप्र शिक्षक संघ के समर्थ भारत आयाम में रावल बने प्रदेश प्रमुख

**खाचरौद। शिक्षक नेता राजेंद्र रावल को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ में समर्थ भारत आयाम का प्रदेश प्रमुख बनाए जाने पर शिक्षकों में हर्ष है। सेवा निवृत रावल ने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ में पूर्व जिला अध्यक्ष व ब्लॉक, तहसील, संभाग में कई पदों पर पूर्व में कार्य किया है।**



उनका संभागीय संगठन मंत्री का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें यह नई जिम्मेदारी पिछले दिनों गुना में हुई प्रांत की बैठक में प्राप्त हुई। बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी व प्रांतीय कर्मचारियों की सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौड़ ने घोषणा की। समर्थ भारत आयाम का प्रदेश प्रमुख बनाए जाने पर रावल को कई पदाधिकारियों व शिक्षकों ने बधाइयां दी है। जिनमें संभागीय सचिव दिग्विजयसिंह चौहान, संभागीय सह संगठन मंत्री सुभाषचंद्र पाटीदार, सुनील सोनावा, जगदीश सिंह केलवा, सुभाष सेठिया, दीपक घोचा, भागीरथ नंदेडा, अशोक शर्मा, प्रवीण भाटी, मदन लाल पांचाल, यशवंत मदारिया, शोभाराम परासिया, रामगोपाल बंबोरिया, प्रभुलाल जोशी, जगदीश उपाध्याय, शत्रुघ्नसिंह सिसौदिया, गोवर्धनलाल सागीत्रा आदि शिक्षकों ने बधाइयां दी।

**एक नजर** | वंदे मातरम की 150 वर्षगांठ पर प्रस्तुत किया नृत्य

### प्रतिकल्पा ने भारत पर्व नई दिल्ली में मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया

**उज्जैन। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर लाल किले पर वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित 6 दिवसीय भारत पर्व का समापन 31 जनवरी को देश के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी एवं प्रमुख सचिव, केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार डॉ. श्रीवत्स कृष्णा के आतिथ्य में हुआ।**



जानकारी देते हुए संस्था के डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में शास्त्रीय, लोक एवं जनजातिय नृत्य के 22 राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व उज्जैन की प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों ने डॉ पल्लवी किशन के निर्देशन में मालवा की बहुरंगी लोक कलाओं को प्रस्तुत करते हुए किया। समापन कार्यक्रम में 5 चयनित राज्यों के कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में प्रतिकल्पा संस्था द्वारा मालवी बधाई नृत्य प्रस्तुत कर प्रशंसा प्राप्त की। साथ ही प्रतिकल्पा के कलाकारों को लाल किले पर वंदे मातरम गीत में नेतृत्व करने का अवसर तथा प्रस्तुति के अंत में वंदे मातरम पर नृत्य करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। मंच पर कलाकार लकी राठौर, नैना सोलंकी, साक्षी जोशी, मधु वर्मा, अर्चना सिंह कुशवाह ,पलक सोनी, रिद्धि सोनी, स्नेहा तोमर, कावेरी कश्यप और दिशा राजपुरोहित, नृत्य निर्देशन-डॉ. पल्लवी किशन, गायन-प्रीति देवले, ढोलक पर-गगन जौहरी, ताल वाद्य-बृजेश अनजान, हारमोनियम पर- विवेक धवन, प्रस्तुति संयोजन-कुमार किशन, प्रस्तुति-प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था, उज्जैन की रही।